भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3306

सोमवार, 16 दिसम्बर, 2024/25 अग्रहायण, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

माउंट आबू में पर्यटन का विकास

3306. श्री लुम्बा राम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्तमान में पर्यटक हिल स्टेशन माउंट आबू तक पहुंचने के लिए केवल एक ही सड़क है जो आबू रोड से माउंट आबू तक जाती है;

(ख) क्या बरसात के मौसम में इस पहाड़ी सड़क पर दुर्घटनाओं और भूस्खलन के कारण सड़क पर यातायात रुक जाता है और संपर्क बाधित हो जाता है;

(ग) क्या सरकार का माउंट आबू में पर्यटन के विकास और पर्यटकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गुलाबगंज से माउंट आबू तक 23 किमी लंबी सड़क बनाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन गंतव्य का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' की योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप और निधियों की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान कर, उनके द्वारा किए जा रहे पर्यटन विकास संबंधी प्रयासों को संपूरित करता है। सड़कों का निर्माण इन योजनाओं के कार्य क्षेत्र के तहत नहीं आता है।

राजस्थान राज्य सरकार ने सूचित किया है कि वर्तमान में पर्यटक हिल स्टेशन माउंट आबू तक पहुंचने के लिए सिर्फ एक सड़क मार्ग है, जो कि आबू रोड से माउंट आबू तक जाती है और बरसात के मौसम में कभी-कभी इस पहाड़ी सड़क पर दुर्घटनाओं और भूस्खलन के कारण यातायात अवरुद्ध हो जाता है और संपर्क बाधित हो जाता है।

इसके अतिरिक्त, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सूचित किया है कि आबू रोड से माउंट आबू तक जाने वाली सड़क, राज्य की सड़क है और यह उनके क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।

*****